
---

१) शरीअत = मज़हबी कानून
२) तरीकत = सूफियों का तरीका जिस में रूहानी कमाल हासिल होता है
३) फह्म = समझ,अक्ल ४) इदराक = अक्ल
५) बातिनी = अनदरूनी ६) कफ़ालत = ज़िम्मेदारी
७) इस्तिगना = बेपरवाई , बे नियाजी

اپنے دل میں تو فقط درد کا ساماں رکھنا
یعنی آباد محبت کا گُلستاں رکھنا

اپنی آہوں سے ہلا سکتا ہے یہ عرشِ بریں
عشق میں خود کو مٹانے کا تو ارماں رکھنا

بس میں تیرے بھی بہت کچھ ہے اگر تو چاہے
عزم ہے شرط مگر اے دلِ انساں رکھنا

کھل اٹھے گا یہ گُلستانِ جہاں اے یارو
اپنے کردار میں تم امن کا عنواں رکھنا

حُسن تو نور ہے اے عشق ذرا دھیان رہے
جذبۂ دید کو تو اپنے درخشاں رکھنا

میں نے آنکھوں میں بسایا ہے تجھے اور تو بھی
اپنے سینے میں مری یاد کو مہماں رکھنا

موت برحق ہے تو کس بات کا ڈر ہے تجھ کو
ہاں مگر رختِ سفر ساتھ میں عثماں رکھنا

अपने दिल में तू फक़त दर्द का सामां रखना
यानी आबाद महब्बत का गुलिस्तां रखना

अपनी आहों से हिला सकता है यह अर्श-ए-बरीं
इश्क में खुद को मिटाने का तू अरमां रखना

बस में तेरे भी बहुत कुछ है अगर तू चाहे
अज़्म है शर्त मगर ऐ दिल-ए-इन्सां रखना

खिल उठेगा यह गुलिस्तान-ए-जहां ऐ यारो
अपने किरदार में तुम अम्न का उनवां रखना

हुस्न तो नूर है ऐ इश्क ज़रा ध्यान रहे
जज़बा-ए-दीद को तू अपने दरख्शां रखना

मैंने आँखों में बसाया है तुझे और तू भी
अपने सीने में मेरी याद को मेहमां रखना

मौत बरहक है तो किस बात का डर है तुझ को
हां मगर रखते सफ़र साथ में उस्मां रखना

---

१) अर्श-ए-बरीं = उँचा अर्श
२) उनवां = सुर्खी
३) दरख्शां = चमकता हुआ
४) रखते सफ़र = सफ़र का सामान

صاحبِ ہوش کو نیرنگیٔ دُنیا کی ہے طمع
غیر ممکن ہے کہ پھر ہو دلِ زندہ پہ عبور

جانتا کون ہے اس دَور میں آدابِ وفا
چوٹ ہر سنگ کی بخشے ہے یہاں ایک سرُور

تیری آغوش میں ہیں کتنے گُہر پوشیدہ
اور ہے حرص میں انسان گرفتارِ فتور

ایک بے جا سے تکلف کے سوا کیا حاصل
کب ہے پائندہ بھلا زیست میں یہ زعم و غرور

لَو خدا سے بھی ہو بندوں سے مراسم بھی رہیں
تیرے اوصاف پہ پھر رشک کرے خُلد کی حور

ذات باقی ہے تری اور فنا ہے سب کو
ماسوا تیرے ہر اک شے پہ ہے پابندیٔ صور

دیکھ ہی لیتے ہیں عثمانؔ اسے اہلِ نظر
اس کی قدرت کا یہاں ہوتا ہے ہر روز ظہور

साहिब-ए-होश को नैरंगी-ए-दुनिया की है तमअ
ग़ैर मुमकिन है की फिर हो दिल-ए-ज़िन्दा पे उबूर

जानता कौन है इस दौर में आदाब-ए-वफ़ा
चोट हर संग की बखशे है यहाँ एक सुरूर

तेरी आग़ोश में हैं कितने गोहर पोशीदा
और है हिर्स में इन्सान गिरफ्तार-ए-फुतूर

एक बेजा से तकल्लुफ के सिवा क्या हासिल
कब है पाइन्दा भला ज़ीस्त में यह जोम-व-गुरूर

लौ खुदा से भी हो बन्दों से मरासिम भी रहें
तेरे औसाफ़ पे फिर रश्क करे खुल्द की हूर

ज़ात बाकी है तेरी और फ़ना है सब को
मा सिवा तेरे हर एक शै पे है पाबन्दी-ए-सूर

देख ही लेते हैं उस्मान उसे अह्ल-ए-नज़र
उस की कुदरत का यहां होता है हर रोज़ ज़हूर

---

१) नैरंगी = जादूगरी
२) तमअ = लालच
३) उबूर = हावी होना
४) फुतूर = खराबी
५) मरासिम = संबंध
६) खुल्द = जन्नत

عُمر گزری عشق کی رُوداد میں
ہو اثر مولیٰ کسی فریاد میں

آرزو کرتے بھی کیا جنّت کی ہم
عُمر گُزری ہے کسی کی یاد میں

دامِ زلفِ یار سے بچنا محال
قید کی حسرت بھی تھی فریاد میں

زیست کا مقصد رہا اوروں کے کام
تھا یہی نکتہ مری ایجاد میں

ڈال دے میری صدا پر بیڑیاں
اتنی ہمّت ہے کہاں صیّاد میں

حوصلے سے فتح ملتی ہے یہاں
کیا رکھا ہے فوج کی تعداد میں

جان لے عثمانؔ یہ دُنیا ہے کیا
ہر گھڑی ہے اک نئی اُفتاد میں

उम्र गुज़री इश्क की रूदाद में
हो असर मौला किसी फ़रयाद में

आरजू करते भी क्या जन्नत की हम
उम्र गुज़री है किसी की याद में

दाम-ए-जुल्फ-ए-यार से बचना मुहाल
कैद की हसरत भी थी फ़रयाद में

ज़ीस्त का मकसद रहा औरों के काम
था वही नुकता मेरी ईजाद में

डाल दे मेरी सदा पर बेडियां
इतनी हिम्मत है कहाँ सय्याद में

हौसले से फ़त्ह मिलती है यहां
क्या रखा है फ़ौज की तेअदाद में

जान ले उस्मान यह दुनिया है क्या
हर घड़ी है एक नई उफ़ताद में

---

१) मुहाल = मुशकिल
२) ज़ीस्त = जिन्दगी
३) तलातुम = तूफान

گراں ہو دل پہ مرے کیوں نہ یہ غمِ ہستی
نظر تو ملتی ہے وصلِ صنم نہیں ہوتا

وہ دل ہی دل کہاں جس میں تری شبیہ نہ ہو
نگاہِ ناز کا جب تک کرم نہیں ہوتا

ہے غرقِ شوقِ تجلّی میں آج دیدۂ دِل
نہ جانے کس لئے تیرا کرم نہیں ہوتا

چھلکتا رہتا ہے آنکھوں سے اشک بن بن کر
مرے وجود میں پوشیدہ غم نہیں ہوتا

یہ بات اور ہے کرتے نہیں کرم بھی کبھی
ستم تو یہ ہے کہ ہم پر ستم نہیں ہوتا

کبھی یہ زیست بھی پھر سُرخرُو نہیں ہوتی
اگر یہاں ملکِ عدم نہیں ہوتا

یہ ذرّے کیا کبھی سورج سے گفتگو کرتے
یہاں جو عشق کا کوئی بھرم نہیں ہوتا

गिरां हो दिल पे मेरे क्यों न यह ग़म-ए-हस्ती
नज़र तो मिलती है वस्ल-ए-सनम नहीं मिलता

वह दिल ही दिल कहाँ जिस में तेरी शबीह न हो
निगाह-ए-नाज़ का जब तक करम नहीं होता

छलकता रहता है आँखों से अश्क बन बन कर
मेरे वुजूद में पोशीदा ग़म नहीं होता

यह बात और है करते नहीं करम भी कभी
सितम तो यह है कि हम पर सितम नहीं होता

कभी यह ज़ीस्त भी फिर सुर्ख़ुरू नही होती
अगर बपा यहां मुल्क-ए-अदम नहीं होता

यह ज़र्रे क्या कभी सूरज से गुफ़्तगू करते
यहाँ जो इश्क का कोई भरम नहीं होता

---

१) गिरां = नागवार
२) शबीह = तसवीर
३) तजल्ली = जलवा
४) ज़ीस्त = ज़िन्दगी
५) सुर्ख़रू = कामियाब
६) भरम = साख

فقط دیر و حرم تک ہی کہاں محدُود اُلفت ہے
کِسی کے عشق میں خود کو مٹانا بھی عبادت ہے

یہ جو تو لذّتِ غم سے سدا انکار کرتا ہے
ترا شکوہ ہے نازیبا تری بے جا شکایت ہے

نہ واعظ سے کوئی رشتہ نہ مطلب ہم کو ساقی سے
ادھر اس خانۂ دل میں صنم کیسی بغاوت ہے

جُدائی میں یہ کیسے موڑ پر آئے ہیں ہم دونوں ؟
کہ اب تو اشک بھی جاری نہیں ہیں کیا قیامت ہے

مُبارک ہو غمِ دل پر تجھے احساسِ غم اپنا
کہ یہ احساس بھی عثمانؔ اُلفت کی صداقت ہے

کہ جیسے پھُول سے خوشبو کا رشتہ ہے یہاں قائم
سکون و صبر کے تقوے سے زندہ یہ قناعت ہے

گُناہوں سے ہے پُر عثمانؔ پھر بھی ہے یقیں اس کو
کرم ہے عام تیرا اور تجھے زیبا عنایت ہے

फकत दैर-व-हरम तक ही कहाँ महदूद उलफत है
किसी के इश्क में खुद को मिटाना भी इबादत है

यह जो तू लज्ज़त-ए-ग़म से सदा इनकार करता है
तेरा शिकवा है नाज़ेबा तेरी बेजा शिकायत है

न वाइज़ से कोई रिश्ता न मतलब हम को साथी से
इधर इस खाना-ए-दिल में सनम कैसी बग़ावत है

जुदाई में यह कैसे मोड़ पर आए हैं हम दोनों
कि अब तो अश्क भी जारी नहीं हैं क्या कियामत है

कि जैसे फूल से खुश्बू का रिश्ता है यहाँ कायम
सुकून-व-सब्र के तक़वे से ज़िन्दा यह कनाअत है

मुबारक हो ग़म-ए-दिल पर तुझे अहसास-ए-ग़म अपना
कि यह एहसास भी उस्मान उलफल की सदाकत है

गुनाहों से है पुर उस्मान फिर भी है यकीं उस को
करम है आम तेरा और तुझे ज़ेबा इनायत है

---

१) दैर-व-हरम = बुतखाना और काबा
२) नाज़ेबा = ना मुनासिब
३) वाइज़ = नसीहत करने वाला
४) तकवा = परहेज़गारी
५) कनाअत = थोडे पे सब्र करना
६) सदाकत = सच्चाई

درد ہو جس میں نہ ایسی زندگی کامِل کہاں ؟
راہ میں طوفاں نہ ہو تو پھر حسیں ساحِل کہاں

اس جنوں کے راستے میں ہیں بڑی دُشواریاں
جلوۂ جاناں ہے جس میں وہ مری منزل کہاں

زیست کی اُمّید تو ہے آشنائے زیست سے
تقویٰ لاہُوت سے پُر مرشدِ کامِل کہاں ؟

کون سمجھا ہے حقیقت اے متاعِ زندگی
جذبۂ دل ہی نہیں تو پھر یہاں حاصِل کہاں

ہو جسے تیری عطا وہ جان سکتا ہے تجھے
رمز تیری جان لے وہ دانش و عاقل کہاں

کس قدر فتوے لگے ہیں دیکھئے عُشّاق پر
حرفِ حق جو جان لے وہ عالم و فاضِل کہاں

دیکھ عثمانؔ اُن کا جلوہ وہ بڑے معصوم ہیں
پھیر لیں ہم ان سے نظریں یہ ہمارا دِل کہاں

दर्द हो जिस में न ऐसी ज़िन्दगी कामिल कहाँ
राह में तूफां न हो तो फिर हसीं साहिल कहाँ

इस जुनूं के रास्ते में हैं बड़ी दुशवारियां
जलवा-ए-जानां है जिस में वह मेरी मंज़िल कहाँ

ज़ीस्त की उम्मीद तो है आशना-ए-ज़ीस्त से
तकवा-ए-लाहूत से पुर मुरशिद-ए-कामिल कहाँ

कौन समझा है हकीकत ऐ मताअ-ए-ज़िन्दगी
जज़बा-ए-दिल ही नहीं तो फिर यहाँ हासिल कहाँ

हो जिसे तेरी अता वह जान सकता है तुझे
रम्ज़ तेरी जान ले वह दानिश-व-आकिल कहाँ

किस कदर फ़तवे लगे हैं देखिये उश्शाक पर
हर्फ हक़ जो जान ले वह आलिम-व-फाज़िल कहाँ

देख उस्मान उन का जलवा वह बड़े मासूम हैं
फेर लें हम उन से नज़रें यह हमारा दिल कहाँ

---

१) ज़ीस्त = ज़िन्दगी
२) आशना = पहचानने वाला
३) मुरशिद = पीर
४) मताअ = पूंजी
५) रम्ज़ = इशारा

اور کیا آہ و فغاں تیرا نشانہ ہوگا
دِل مرا اُن کی محبّت کا ٹھکانہ ہوگا

ہم تو مجبور ہوئے کاتبِ تقدیر کے ہاتھ
ہجر کا بوجھ صنم اب تو اُٹھانا ہوگا

دیکھ یہ عشق ہے پہنچے نہ جہاں فکر و خیال
رُتبہ ایسا ہے کہ اب سر کو جھکانا ہوگا

شوقِ دیدار میں ہر ناز اُٹھا لیتے مگر
تو نہ آیا کہ ترے پاس بہانہ ہوگا

آپ کا حُسنِ عمل اور یہ خودداریٔ عشق
اپنے غم کو نگہِ بد سے بچانا ہوگا

روزِ اوّل سے میں ناز اس کا اُٹھاتا ہی رہا
جانے معشوق کو کس طرح منانا ہوگا

عشق میں تیرا بدن راکھ ہوا اے عثمان
ساری دُنیا کو ثبوت اس کا دکھانا ہوگا

और क्या आह-व-फुग़ां तेरा निशाना होगा
दिल मेरा उन की महब्बत का ठिकाना होगा

हम तो मजबूर हुए कातिब-ए-तकदीर के हाथ
हिज्र का बोझ सनम अब तो उठाना होगा

देख यह इश्क है पहुंचे न जहाँ फिक्र-व-ख़याल
रूतबा ऐसा है कि अब सर को झुकाना होगा

शौक-ए-दीदार में हर नाज़ उठा लेते मगर
तू न आया कि तेरे पास बहाना होगा

आप का हुस्न-ए-अमल और यह खुददारी-ए-इश्क
अपने ग़म को निगह-ए-बद से बचाना होगा

रोज़-ए-अव्वल से मैं नाज़ उस का उठाता ही रहा
जाने माशूक को किस तर्ह मनाना होगा

इश्क में तेरा बदन राख हुआ ऐ उस्मान
सारी दुनिया को सुबूत इस का दिखाना होगा

---

१) आह-व-फुग़ां = नाला व फरयाद
२) कातिब-ए-तकदीर = तकदीर लिखने वाला
३) हिज्र = जुदाई
४) निगह-ए-बद = बुरी नज़र

جہاں میں مرتبہ ہے آج دھن کا
کیا کیا جائے ایسی انجمن کا

مضامینِ ادب ہیں لاکھ لیکن
غزل ہے اک حسیں لہجہ سخن کا

تمہارا واسطہ ہے آندھیوں سے
ہے رشتہ ہم سے بھی برقِ کہن کا

گُلستاں کا ہے تو معصوم غنچہ
میں بس اک خار ہوں صحنِ چمن کا

بس اک صحرا ہے اک دشتِ جنوں ہے
اِدھر میں بھی ہوں پیکر بانکپن کا

سمندر سے لیا ہے ایک قطرہ
نہ پوچھو حال اپنے علم و فن کا

حقیقت ہم سے عثماںؔ کی نہ پوچھو
وہ اک لعلِ بدخشاں ہے وطن کا

जहाँ में मरतबा है आज धन का
किया क्या जाए ऐसी अंजुमन का

मज़ामीन-ए-अदब हैं लाख लेकिन
गज़ल है एक हसीं लहजा सुखन का

तुम्हारा वास्ता है आँधियों से
है रिश्ता हम से भी बर्क-ए-कुहन का

गुलिस्तां का है तू मासूम गुंचा
मैं बस एक ख़ार हूं सहन-ए-चमन का

बस एक सहरा है एक दश्त-ए-जुनूं है
इधर मैं भी हूं पैकर बांकपन का

समंदर से लिया है एक कतरा
न पूछो हाल अपने इल्म-व-फ़न का

हक़ीक़त हम से उस्मां की न पूछो
वह एक लाल-ए-बदखशां है वतन का

---

१) बर्क-ए-कुहन = पुरानी बिजली
२) दश्त = जंगल
३) पैकर = सूरत
४) बांकपन = अलबेला पन
५) लाल-ए-बदखशां =

سر جھکانے کے لئے سنگِ درِ محبوب ہے
جان و دل قربان اس پر یہ بہت ہی خوب ہے

ہر کسی کے سامنے جھک جائے یہ وہ سر نہیں
اس جبینِ ناز کو سجدہ ترا مطلوب ہے

برگ گُل شبنم، چمن میں سب کو تیری جستجو
اے نسیمِ ناز یہ تیرا خیالِ خوب ہے

یا الٰہی اس جہاں کو بخش دے امن و اماں
بخش دینا یہ صفت تو تجھ سے ہی منسوب ہے

دے رہا ہے زخم اے مولیٰ تو پھر ہے یہ دُعا
بخش دے کردارِ صابر جس طرح ایوبؑ ہے

یہ ترا دلکش نظارہ اور میری آرزو
ضم ہوا جو شاعری میں وہ مرا اُسلوب ہے

کر رہی ہیں رشک حوریں دیکھ کر عثمانؔ کیوں
یہ ترا حسنِ عمل ہی نازشِ محبوب ہے

सर झुकाने के लिए संग-ए-दर-ए-महबूब है
जान-व-दिल कुर्बान उस पर यह बहुत ही खूब है

हर किसी के सामने झुक जाए यह वह सर नहीं
इस जबीन-ए-नाज़ को सजदा तेरा मतलूब है

बर्ग,गुल,शबनम,चमन में सब को तेरी जुस्तजू
ए नसीम-ए-नाज़ यह तेरा खयाल-ए-खूब है

या इलाही इस जहाँ को बख्श दे अमन-व-अमां
बख्श देना यह सिफ़त तो तुझ से ही मन्सूब है

दे रहा है जख्म ऐ मौला तो फिर है यह दुआ
बख्श दे किरदार-ए-साबिर जिस तरह अय्यूब है

यह तेरा दिलकश नज़ारा और मेरी आरजू
ज़म हुआ जो शाएरी में वह मेरा उस्लूब है

कर रही हैं रश्क हूरें देख कर उस्मान क्यों
यह तेरा हुस्न-ए-अमल ही नाज़िश-ए-महबूब है

---

१) संग-ए-दर-ए-महबूब = महबूब के दरवाज़े का पत्थर
२) जबीन = पेशानी
३) बर्ग = पत्ता
४) जुस्तजू = तलाश
५) अय्यूब = एक पैगंबर का नाम
६) उस्लूब = तरीका

دردِ دل اپنا کسی سے بھی نہ کہنا چاہیئے
کیا اِدھر حالِ جنوں ہے یہ بھی دیکھا چاہیئے

ناز برداری میں ہوں اے حُسن لیکن تجھ کو بھی
عشق پر کیا کیا گُزرتی ہے یہ سمجھا چاہیئے

عشق میں سب خیریت ہی خیریت ہے کہہ تو دی
کیا تڑپنے میں مزا ہے یہ بھی بولا چاہیئے

بے خودی نے خود سُنا ہے دیکھ صحرا کس لئے
یار کا دیدار ویرانے میں ہونا چاہیئے

کوئی سمجھے گا بھی کیوں کیا ہے مرا درد و الم
عشق کا سینے کے اوپر زخم دِکھنا چاہیئے

کہہ رہی ہے بے خودی عثمان صاحب آپ سے
عشق کی خوشبو سے دردِ یار مہکا چاہیئے

दर्द-ए-दिल अपना किसी से भी न कहना चाहिए
क्या इधर हाल-ए-जुनूं है यह भी देखा चाहिए

नाज़ बरदारी में हूं ए हुस्न लेकिन तुझ को भी
इश्क पर क्या क्या गुज़रती है यह समझा चाहिए

इश्क में सब ख़ैरियत ही ख़ैरियत है कह तो दी
क्या तड़पने में मज़ा है यह भी बोला चाहिए

बेखुदी ने खुद सुना है देख सहरा किस लिए
यार का दीदार वीराने में होना चाहिए

कोई समझेगा भी क्यों क्या है मेरा दर्द-व-अलम
इश्क का सीने के ऊपर ज़ख्म दिखना चाहिए

कह रही है बेखुदी उस्मान साहब आप से
इश्क की खुश्बू से दर्द-ए-यार महका चाहिए

---

१) बेखुदी = मदहोशी
२) सहरा = रेगिस्तान
३) अलम = दुख

ہوا ہے جب سے تیرا وصل حاصل
شبِ تاریک اِترانے لگی ہے

اُدھر آہوں میں کچھ ایسا اثر تھا
ہمیں بھی یاد اب آنے لگی ہے

مقدّس ایسا رشتہ ہے کہ ہر شئے
محبّت کی قسم کھانے لگی ہے

یہی ذوقِ طلب تو رہگزر ہے
ہمیں منزل نظر آنے لگی ہے

مسرّت نے دیئے اتنے کچوکے
طبیعت غم زدہ بھانے لگی ہے

میں عثماںؔ راہ اس کی دیکھتا ہوں
فضا یہ دیکھ شرمانے لگی ہے

हुआ है जब से तेरा वस्ल हासिल
शब-ए-तारीक इतराने लगी है

उधर आहों में कुछ ऐसा असर था
हमें भी याद अब आने लगी है

मुकद्दस ऐसा रिश्ता है की हर शै
महब्बत की कसम खाने लगी है

यही ज़ौक-ए-तलब तो रहगुज़र है
हमें मंज़िल नज़र आने लगी है

मसर्रत ने दिये इतने कचोके
तबीअत ग़मज़दा भाने लगी है

मैं उस्मां राह उस की देखता हूँ
फ़ना यह देख शरमाने लगी है

---

१) वस्ल = मिलन
२) शब-ए-तारीक = अंधेरी रात
३) मुकद्दस = पाकीजा
४) ज़ौक-ए-तलब = चाहत का शौक
५) रहगुज़र = रास्ता

عشق تو آتشِ فُرقت میں سُلگتا ہی رہا
دِل پہ اے حُسن ترے کوئی اثر ہے کہ نہیں

گرچہ ہر وقت ہیں گردش میں شب و روز یہاں
صُبح تا شام کسی شے کی نظر ہے کہ نہیں

جسم مجرُوح رہا رُوح تڑپتی ہی رہی
کاسۂ عشق میں اب کوئی ثمر ہے کہ نہیں

قصّۂ یار سے شب میری منوّر ہے مگر
میری یادوں سے شب یار بسر ہے کہ نہیں

چشمِ ساقی میں جو ہنگامہ بپا ہے عُثمان
کیف و مستی میں تری زیر و زبر ہے کہ نہیں

इश्क तो आतिश-ए-फुरकत में सुलगता ही रहा
दिल पे ऐ हुस्न तेरे कोई असर है कि नहीं

गरचे हर वक्त हैं गर्दिश में शब-व-रोज यहाँ
सुब्ह ता शाम किसी शै की नजर है कि नहीं

जिस्म मजरूह रहा रूह तड़पती ही रही
कासा-ए-इश्क में अब कोई समर है कि नहीं

किस्सा-ए-यार से शब मेरी मुनव्वर है मगर
मेरी यादों से शब-ए-यार बसर है कि नहीं

चश्म-ए-साक़ी में जो हंगामा बपा है उस्मान
कैफ-व-मस्ती में तेरी ज़ेर-व-ज़बर है कि नहीं

---

१) फुरकत = जुदाई
२) मजरूह = जखमी
३) समर = फल
४) जेर-व-जबर = ऊपर नीचे , हलचल

عجب ہے لُطف وکرم ، دلکشی و رعنائی
میں کیوں نہ دل سے بنوں آج تیرا شیدائی

نہ کر غرُور ابھی حُسن پر گُلِ خنداں
خزاں کی شکل میں آئی بہار ہرجائی

سنو اے اہلِ نظر رمزِ عاشقی کیا ہے
وفا میں عشق کی ہوتی کہاں ہے رُسوائی

یہ دیکھ حُسنِ ستمگر کا دل ہوا حیراں
رہی نہ یاد مجھے غم میں بادہ پیمائی

وہ حُسن و خوبیٔ اُلفت جمالِ حُسنِ نظر
یہاں نصیب کِسے یہ کمالِ زیبائی

مزا کچھ اسقدر آہ و فغاں میں ہے عثمان
کہ دردِ دل کو نہیں چاہیئے مسیحائی

अजब है लुत्फ़-व-करम , दिलकशी-व-रअनाई
मैं क्यों न दिल से बनूं आज तेरा शैदाई

न कर गुरूर अभी हुस्न पर गुल-ए-खन्दां
ख़ज़ां की शक्ल में आई बहार हरजाई

सुनो ऐ अह्ल-ए-नज़र रम्ज़्-ए-आशिकी क्या है
वफ़ा में इश्क की होती कहाँ है रूसवाई

यह देख हुस्न-ए-सितमगर का दिल हुआ हैरां
रही न याद मुझे गम में बादा पैमाई

वह हुस्न-व-खूबी-ए-उलफ्त जमाल-ए-हुस्न-व-नज़र
यहाँ नसीब किसे यह कमाल-ए-जे़बाई

मज़ा कुछ इस कदर आह-व-फ़ुग़ां में है उस्मान
कि दर्द-ए-दिल को नहीं चाहिए मसीहाई

---

१) रआनाई = हुस्न
२) गुल-ए-खन्दां = हंसता हुआ फूल
३) रम्ज़ = इशारा ४) बादा पैमाई = शराब पीना
५) ज़ेबाई = सजावट ६) आह-व-फ़ुग़ां = नाला व फरयाद
७) मसीहाई = इलाज

جو نصب العین تیری زندگانی کا مقرر ہے
پئے ادراک پھر ہے نفسِ مدرک واقعی تیرا

کہیں حائل ہے اک پردہ تخیّل اور حقیقت میں
حواسِ خمسہ کا جوہر ہے کیوں حیرت زدہ میرا

اُلجھتی جا رہی ہے یہ نظر دُنیائے فانی میں
پرے منزل سے ڈالا جا رہا ہے پھر کوئی ڈیرا

سواروں میں ہے کس کو فوقیت اس اک پیادے پر
محافظ شاہ کا ہے دیکھیے شطرنج میں ایرا

بشر کی ہے یہاں عظمت نگاہوں کی بلندی سے
وہ چشمِ نیلگوں ہو یا سیہ مائل ہو یا کیرا

जो नस्बुल ऐन तेरी जिन्दगानी का मुकद्दर है
पए इदराक फिर है नफ्स-ए-मुदरिक वाकई तेरा

कहीं हाइल है एक परदा तख़य्युल और हक़ीक़त में
हवास-ए-ख़मसा का जौहर है क्यों हैरत ज़दा मेरा

उलझती जारही है यह नज़र दुनिया-ए-फ़ानी में
परे मंज़िल से डाला जा रहा है फिर कोई डेरा

सवारों में है किस को फौकियत इस एक प्यादे पर
मुहाफिज़ शाह का है देखिए शतरंज में एरा

बशर की है यहाँ अज़मत निगाहों की बलंदी से
वह चश्म-ए-नीलगूं हो या सियह माइल हो या केरा

---

१) नस्बुल ऐन = मक्सद
२) इदराक = अक्ल
३) तखय्युल = खयाल
४) फौकियत = बरतरी

پیشِ نظر جنوں کے خرد کا کمال کیا
فانی ہے ہر وجود تو فکرِ مآل کیا

اُس کی نظر سے محو ہے کب رازِ دل مرا
کرتا بھی کس طرح سے وہاں میں سُوال کیا

اپنے تصورات میں ہر دم انھیں سے بات
اب اس کے بعد اور کریں ہم خیال کیا

تیرا ہی ذکرِ خیر کیا ہم نے تا حیات
اپنی نظر میں اس سے اہم اور مال کیا

جلوے سے حُسن کے ہی نگاہوں میں نور ہے
پھر عشق کے قریب یہ ملک اور مال کیا

पेश–ए–नज़र जुनूं के खिरद का कमाल क्या
फ़ानी है हर वुजूद तो फ़िक्र–ए–मआल क्या

उस की नज़र से मह्व है कब राज़–ए–दिल मेरा
करता भी किस तरह से वहाँ मैं सवाल क्या

अपने तसव्वुरात में हरदम उन्हीं से बात
अब इस के बाद और करें हम ख़याल क्या

तेरा ही ज़िक्र–ए–खैर किया हम ने ता हयात
अपनी नज़र में इस से अहम और माल क्या

जलवे से हुस्न के ही निगाहों में नूर है
फिर इश्क के क़रीब यह मुल्क और माल क्या

---

१) जुनूं = दीवानगी
२) ख़िरद = अक्ल
३) मआल = अंजाम
४) मह्व = ओझल
५) ता हयात = ज़िन्दगी भर

بزمِ حسنِ یار ہو اور محفلِ رنداں بھی ہو
خوشترِ باغِ ارم اور عندلیب الحاں بھی ہو

پھر عطا ہوں اس چمن کو اے خدایا رونقیں
سوسن و نرگس کی نازش، نکہتِ ریحاں بھی ہو

عشق میں یہ شادمانی کب مجھے منظور ہے
مضطرب دل ہو پریشانی کا کچھ اِمکاں بھی ہو

زہد و تقویٰ ہی تری اُلفت میں اب درکار ہے
عشق کی منزل وہی جو مظہرِ ایماں بھی ہو

جب کسی کو چوٹ پہنچے اشک ہوں میرے رواں
یوں مرے دل میں غمِ انسانیت مہماں بھی ہو

تقویٰ حاجت روائی دل کی تب ممکن بھی ہے
سینۂ دل میں مزیّن پرتوِ قرآں بھی ہو

ایک مدّت سے جو عثماںؔ کر رہا ہے انتظار
اس وجودِ خاک سے ظاہر کوئی سُلطاں بھی ہو

बज़्म-ए-हुस्न-ए-यार हो और महफिल-ए-रिन्दां भी हो
खुशतर-ए-बाग-ए-इरम और इनदलीब इलहां भी हो

फिर अता हों इस चमन को ऐ खुदाया रौनकें
सोसन-व-नर्गिस की नाज़िश निकहत-ए-रेहां भी हो

इश्क में यह शादमानी कब मुझे मंजूर है
मुज़तरिब दिल हो परेशानी का कुछ इमकां भी हो

ज़ोहद-व-तकवा ही तेरी उलफ़त में अब दरकार है
इश्क की मंज़िल वही जो मज़हर-ए-ईमां भी हो

जब किसी को चोट पहुंचे अश्क हों मेरे रवां
यूं मेरे दिल में ग़म-ए-इन्सानियत मेहमां भी हो

तकवा-ए-हाजत रवाई दिल की तब मुमकिन भी है
सीना-ए-दिल में मुज़य्यन परतव-ए-कुरआं भी हो

एक मुद्दत से जो उस्मां कर रहा है इन्तेज़ार
इस वुजूद-ए-ख़ाक से ज़ाहिर कोई सुलतां भी हो

---

१) महफिल-ए-रिन्दां = शराबियों की महफिल
२) इनदलीब इलहां = बुलबुल की आवाज
३) निकहत-ए-रेहां = रेहान की खुश्बू
४) जोह्द-व-तकवा = परहेजगारी
५) मजहर = जाहिर करने वाला
६) परतव = अक्स

کرے سیر جب عشق لاہوت کی
صدا آئے لبیک جبروت کی

بتاؤں میں کیا وجد کا بھید ہے
بلندی ہے یہ دیکھ ناسوت کی

ذرا چاہ بابل کا نظّارہ کر
ہے کیا شکل ہاروت ماروت کی

اگر قلب میں ہو پراگندگی
تو سمجھو کہ حرکت ہے طاغوت کی

ہے قصّہ یہ مشہور اب تک یہاں
عجب جنگ جالوت طالوت کی

شہادت کا رتبہ ہے عثمان کیا
ہے یہ آخری میخ تابوت کی

करे सैर जब इश्क लाहूत की
सदा आए लब्बैक जबरूत की

बताऊं मै क्या वज्द का भेद है
बलंदी है यह देख नासूत की

ज़रा चाह–ए–बाबुल का नज्ज़ारा कर
है क्या शक्ल हारूत मारूत की

अगर कल्ब में हो परागन्दगी
तो समझो कि हरकत है तागूत की

है किस्सा यह मशहूर अब तक यहां
अजब जंग जालूत मालूत की

शहादत का रूतबा है उस्मान क्या
है यह आखरी मेख ताबूत की

---

१) लाहूत = फना फिल्ला का मकाम
२) जबरूत = कुदरत
३) वज्द = बेखुदी
४) चाह = कुवा
५) तागूत = शैतान

جب بھی چاہا مری نظروں نے وہ منظر دیکھا
عشق میں ڈوبا ہوا حُسن کا پیکر دیکھا

زندہ رہنے کی تمنّائی ہے دُنیا لیکن
مَوت کو دیکھا کبھی ہم نے تو دلبر دیکھا

وقتِ رُخصت وہ ترا حال بیاں ہو کیسے
تیری مژگاں پہ لرزتا ہوا گوہر دیکھا

اہلِ دل کو یہاں بدنام کرے ہے دُنیا
اہلِ دانش کے یہاں ہاتھ میں پتّھر دیکھا

حُسن نے آگ لگا رکّھی ہے دل میں لیکن
اس کا الزام محبّت ہی کے سر پر دیکھا

ہم بھی کچھ کم تو نہیں وقت کے سُلطانوں سے
اپنے سینے میں چھُپا عشق کا گوہر دیکھا

کون پھر کرتا بھلا تیری طبیعت کا علاج
حال عثمانؔ ترا عشق میں بہتر دیکھا

जब भी चाहा मेरी नज़रों ने वह मंज़र देखा
इश्क में डूबा हुआ हुस्न का पैकर देखा

ज़िन्दा रहने की तमन्नाई है दुनिया लेकिन
मौत को देखा कभी हम ने तो दिलबर देखा

वक्त-ए-रूख़सत वह तेरा हाल बयां हो कैसे
तेरी मिज़गां पे लरज़ता हुआ गौहर देखा

अहल-ए-दिल को यहां बदनाम करे है दुनिया
अहल-ए-दानिश के मगर हाथ में पत्थर देखा

हुस्न ने आग लगा रख्खी है दिल में लेकिन
उस का इल्ज़ाम महब्बत ही के सर पर देखा

हम भी कुछ कम तो नहीं वक्त के सुलतानों से
अपने सीने में छुपा इश्क का गौहर देखा

कौन फ़िर करता भला तेरी तबीअत का इलाज
हाल उस्मान तेरा इश्क में बेहतर देखा

---

१) पैकर = चेहरा
२) मिज़गां = पलक
३) गौहर = मोती
४) अहल-ए-दानिश = अक्लमंद

کہیں زمیں تو کہیں دیکھ آسماں ہوتا
ترا وجود جو اُلفت کا اِمتحاں ہوتا

یہ سوز و آہ و فغاں عشق کے قرینے ہیں
سلگتا رہتا جو دل آتشیں نشاں ہوتا

نہ کرتا پھر کبھی فریاد ناتواں بُلبل
چمن کے ساتھ جو محفوظ آشیاں ہوتا

جہاں میں راہ تجھے دیتے نیل اور قُلزم
عمل میں تیرے اگر بحرِ بے کراں ہوتا

قدم کو چومتیں بڑھ کر یہ منزلیں تیری
جو تیرا عزم و عمل شانِ کارواں ہوتا

وفا پہنچتی عبادت کے مرتبے کو تری
تو خود جو طرزِ محبت کی داستاں ہوتا

وجود نغمۂ لاہوت میں جو ہوتا گُم
مقام پھر تو اے عثماںؔ لامکاں ہوتا

कहीं ज़मीं तो कहीं देखा आस्मां होता
तेरा वुजूद जो उलफत का इम्तेहां होता

यह सोज़-व-आह-व-फुगां इश्क के करीने हैं
सुलगता रहता जो दिल आतिशीं निशां होता

न करता फिर कभी फरयाद नातवां बुलबुल
चमन के साथ जो महेफूज़ आशियां होता

जहाँ में राह तुझे देते नील और कुलजुम
अमल में तेरे अगर बहर-ए-बेकरां होता

कदम को चूमती बढ कर यह मंज़िलें तेरी
जो तेरा अज़्म-व-अमल शान-ए-कारवां होता

वफा पहुंचती इबादत के मरतबे को तेरी
तू खुद जो तर्ज़-ए-महब्बत की दास्तां होता

वुजूद नगमा-ए-लाहूत में जो होता गुम
मकाम फिर तो ऐ उस्मान ला मकां होता

---

१) आतिशीं = आग का
२) नातवां = कमजोर

یہ جہد و فکر و استغنا جنوں کو زیب دیتا ہے
ہیں کتنے راز پوشیدہ خودی کی بے نیازی میں

غُلامی مُرشد کامِل کی ہو تُجھ کو اگر حاصل
حقیقت عشق کی روشن نہ کیوں ہو سرفرازی میں

جیئے گا کب تلک اس اصل سے نا آشنا ہو کر
ہے تیرے عشق کا پرتو یہاں کردارِ غازی میں

مقامِ ہوش کب پہنچا ہے اُلفت کی بلندی تک
چھُپی ہے عشق کی منزل تمہاری دلنوازی میں

بڑا ہی مختلف ہے کھیل یہ دُنیا کے کھیلوں سے
وہی جیتے جو سب کچھ ہار جائے دل کی بازی میں

ہے کیا مستی شرابِ معرفت سے غم میں اے عثمانؔ
عیاں ہیں حُسن کے جلوے ہی جلوے عشق سازی میں

यह ज़ोह्द-व-फ़िक्र-व-इस्तिग़ना जुनूं को ज़ेब देता है
हैं कितने राज़ पोशीदा खुदी की बे नियाज़ी में

गुलामी मुर्शिद-ए-कामिल की हो तुझ को अगर हासिल
हकीकत इश्क की रौशन न क्यों हो सरफराज़ी में

जिए गा कब तलक इस अस्ल से ना आशना हो कर
है तेरे इश्क का परतव यहां किरदार-ए-गाज़ी में

मकाम-ए-होश कब पहुंचा है उलफत की बलंदी तक
छुपी है इश्क की मंज़िल तुम्हारी दिल नवाज़ी में

बड़ा ही मुख्तलिफ़ है खेल यह दुनिया के खेलों से
वही जीते जो सब कुछ हार जाए दिल की बाज़ी में

है क्या मस्ती शराब-ए-मअरफत से ग़म में ऐ उस्मान
अयां हैं हुस्न के जलवे ही जलवे इश्क साज़ी में

---

१) जोह्द = कोशिश
२) इस्तिगना = बे नियाजी
३) ना आशना = ना वाकिफ
४) मअरफत = खुदा की पहचान
५) अयां = जाहिर

کہاں کسی کو میسّر ہے آج درویشی
بچا ہے جبّہ و دستار اور صرف بیاں

ہوئی ہے کوشکِ مرمر میں مست سلطانی
سنائی دیتی نہیں ہے کسی کی آہ و فغاں

جہاں سے دھیان ہٹا کر ہے تیری ذات میں گُم
ہوا ہے اس کا تصوّر تو اب کرشمۂ جاں

تفکّرات یہ کہتے ہیں آج زنداں سے
ہے کس کے بس میں ہمیں کر سکے جو قید یہاں

یہ اور بات کہ اسلاف حکمراں بھی رہے
کہاں ہیں آج زمیں پر ترے قدم کے نشاں

ہمارے حسنِ عمل کے گُہر سے سارے عدو
ہوئے ہیں شرم سے نادم تمام آج یہاں

ہم اس سے تلخ نوائی کا کیوں کریں شکوہ
بنی ہے زیست تو عثمان آج سوزِ گراں

कहां किसी को मयस्सर है आज दुरवेशी
बचा है जुब्बा-व-दस्तार और सिर्फ बयां

हुई है कोशक-ए-मरमर में मस्त सुलतानी
सुनाई देती नहीं है किसी की आह-व-फुग़ां

जहां से ध्यान हटाकर है तेरी ज़ात में गुम
हुआ है उस का तसव्वुर तो अब करिश्मा-ए-जां

तफक्कुरात यह कहते हैं आज जिन्दां से
है किस के बस में हमें कर सके जो कैद यहां

यह और बात कि असलाफ़ हुकमरां भी रहे
कहां हैं आज जमीं पर तेरे कदम के निशां

हमारे हुस्न-ए-अमल के गोहर से सारे अदू
हुए हैं शर्म से नादिम तमाम आज यहां

हम उस से तल्ख नवाई का क्यों करें शिकवा
बनी है जीस्त तो उस्मान आज सोज़-ए-गिरां

---

१) दुरवेशी = फकीरी २) कोशक = मकान
३) आह-व-फुगां = नाला व फरयाद
४) तफक्कुरात = खयालात
५) जिन्दां = कैद खाना ६) अदू = दुश्मन

سمجھ میں آتے نہیں اب ہمیں عدو و رفیق
ہے کون رہبرِ منزل بنے جو اپنا شفیق

ترے ہی حکم کے تابع ہیں سب نشیب و فراز
بدل سکا نہ مقدّر ہمارا سنگِ عقیق

یہ اپنا جوشِ جنوں اور قُربتِ منزل
بڑا ہی معتبر اب تو لگے ہے دردِ لئیق

غزل کے فن کو جو ارزاں سمجھ رہی ہے خرد
بتائے کوئی اسے رمزِ فلسفہ یہ دقیق

اگر ہے نفس پہ قابو ترا تو اے عُثمانؔ
مِٹا سکیں گے بھلا کیا یہ مُشرک و زندیق

समझ में आते नहीं अब हमें अदू-व-रफीक़
है कौन रहबर-ए-मंज़िलबने जो अपना शफीक़

तेरे ही हुक्म के ताबेअ हैं सब नशीब-व-फराज़
बदल सका ना मुकद्दर हमारा संग-ए-अक़ीक़

यह अपना जोश-ए-जुनूं और कुरबत-ए-मंज़िल
बडा ही मोअतेबर अब तो लगे है दर्द-ए-लईक़

गज़ल के फ़न को जो अरज़ां समझ रही है ख़िरद
बताए कोई उसे रम्ज़-ए-फलसफा यह दक़ीक़

अगर है नफ़्स पे क़ाबू तेरा तो ऐ उस्मान
मिटा सकेंगे भला क्या यह मुशरिक-व-ज़िन्दीक

१) अदू = दुश्मन
२) नशीब-व-फराज = ऊंच नीच
३) संग-ए-अकीक = अकीक नाम का पत्थर
४) दकीक = बारीक
५) मुशरिक-व-जिन्दीक = काफिर

اس دل میں غمِ یار کا صدما بھی نہیں ہے
اے حُسن کوئی تجھ سے تقاضا بھی نہیں ہے

کس طرح سُلگتا ہے یہ پہلو میں مرا دل
اس آہ و فغاں کا کوئی چرچا بھی نہیں ہے

تا عُمر ترا ساتھ نبھانا بھی ہے مُشکل
میں چھوڑ دوں تجھ کو صنم ایسا بھی نہیں ہے

جس کے لئے ہم اپنے دل و جاں کو لُٹا دیں
کیوں اس کی وفاؤں پہ بھروسا بھی نہیں ہے

ہم چھوڑ دیں اس عشق کو جس نے کیا برباد
ایسا تو کوئی اپنا ارادا بھی نہیں ہے

عثمانؔ صلہ کیسا محبت کا مِلا ہے
یہ اپنی زباں سے مجھے کہنا بھی نہیں ہے

इस दिल में ग़म-ए-यार का सदमा भी नहीं है
ऐ हुस्न कोई तुझ से तकाज़ा भी नहीं है

किस तर्ह सुलगता है यह पहलू में मेरा दिल
इस आह-व-फुग़ां का कोई चर्चा भी नहीं है

ता उम्र तेरा साथ निभाना भी है मुश्किल
मै छोड दूं तुझ को सनम ऐसा भी नहीं है

जिस के लिए हम अपने दिल-व-जां को लुटा दें
क्यों उस की वफ़ाओं पे भरोसा भी नहीं है

हम छोड दें उस इश्क को जिस ने किया बरबाद
ऐसा तो कोई अपना इरादा भी नहीं है

उस्मान सिला कैसा महब्बत का मिला है
यह अपनी ज़बां से मुझे कहना भी नहीं है

---

१) आह-व-फुगां = नाला व फरयाद
२) सिला = बदला

قلب میں وحشت نہ ہو اور ننگِ عریانی نہ ہو
عاشقانہ فعل پھر دلبر نہ ہو جانی نہ ہو

حُسن یہ کہتا ہے اب تو عاشقِ مُشتاق سے
دیکھ کر میری تجلّی تجھ کو حیرانی نہ ہو

کہہ رہی ہے آج تجھ سے اپنی چشمِ ناز یہ
دید بھی ہو جائے تیری اور پریشانی نہ ہو

جب کہ چشمِ مست سے گھائل نہ ہوں قلب و جگر
کیا مزہ ہے عشق میں جب عشوہ مژگانی نہ ہو

حُسن جب تک زخم آلودہ نہ ہو تو کیا مزہ
عشق بھی کیا ہے اگر خوئے بیابانی نہ ہو

ہو عمل تیرا مزاجِ یار سے وابستہ جب
اس زمیں پر تب ترے کردار کا ثانی نہ ہو

جب ترے اعمال سے عثمانؔ مہکے گا بدن
گلشنِ ہستی کی پھر کیسے نگہبانی نہ ہو

क़ल्ब में वहशत न हो और नंग-ए-उरयानी न हो
आशिकाना फेल फ़िर दिलबर न हो जानी न हो

हुस्न यह कहता है अब तो आशिक-ए-मुश्ताक से
देख कर मेरी तजल्ली तुझ को हैरानी न हो

कह रही है आज तुझ से अपनी चष्म-ए-नाज़ यह
दीद भी होजाए तेरी और परेशानी न हो

जब कि चष्म-ए-मस्त से घायल न हो क्ल्ब-व-जिगर
क्या मज़ा है इश्क में जब अशवा मिज़गानी न हो

हुस्न जब तक जोम आलूदा न होतो क्या मज़ा
इश्क भी क्या है अगर खू-ए-बयाबानी न हो

हो अमल तेरा मिज़ाज-ए-यार से वाबस्ता जब
इस ज़मीं पर तब तेरे किरदार का सानी न हो

जब तेरे आमाल से उस्मान महके गा बदन
गुलशन-ए-हस्ती की फिर कैसे निगहबानी न हो

---

१) नंग-ए-उरयानी = नंगे पन की शर्म
२) तजल्ली = जलवा
३) अशवा मिजगानी = पलकों का नखरा
४) जोम = गुरूर
५) खू-ए-बयाबानी = जंगल की आदत

جن کو خود اپنا ہی خیال نہیں
اُن سے میرا کوئی سوال نہیں

کل جو زندہ تھے اب ہیں زیرِ زمیں
تو ہے موجود یہ کمال نہیں

حکمراں تھے کبھی جو ہیں محکوم
اس سے بڑھ کر کوئی زوال نہیں

بے حسی بن گئی ہے بیماری
کیفیت میں بھی اعتدال نہیں

یہ سخن بھی اسی کا القا ہے
اپنی ہستی کا کچھ کمال نہیں

وجد کی کیفیت ہے کیوں طاری
روبرو کیا ترا جمال نہیں

تو ہے عثمانؔ عاجز اور لاچار
کُن کا تابع ترا خیال نہیں

जिन को खुद अपना ही खयाल नहीं
उन से मेरा कोई सुवाल नहीं

कल जो ज़िंदा थे अब हैं ज़ेर-ए-ज़मीं
तू है मौजूद यह कमाल नहीं

हुकमरां थे कभी जो हैं महकूम
इस से बढ कर कोई ज़वाल नहीं

बे हिसी बन गई है बीमारी
कैफियत में भी एतेदाल नहीं

यह सुखन भी उसी का इल्क़ा है
अपनी हस्ती का कुछ कमाल नहीं

वज्द की कैफियत है क्यों तारी
रूबरू क्या तेरा जमाल नहीं

तू है उस्मान आजिज़ और लाचार
कुन का ताबेअ तेरा खयाल नहीं

---

१) एतेदाल = दरमियानी दरजा
२) इल्का = वह बात जो खुदा दिल में डाल दे.
३) आजिज = बेबस.

اک تجلّی ہے نہاں بعدِ مقامِ سِدرہ
کونسی ہے وہ جگہ پردۂ افلاک کے بعد

خرد و وحشتِ دل میں بھی کوئی پردہ ہے
یہ جنوں اور بھی بڑھ جاتا ہے ادراک کے بعد

لو ہوئی جاتی ہیں اب ساری دُعائیں مقبول
فوقیت ان کو ملی دیدۂ نمناک کے بعد

کس میں یارا ہے بھلا سارے ستم سہنے کا
حُسن کی تیز نظر زلف کے پیچاک کے بعد

جس کے دل میں تری یادوں کا بسیرا ہی نہیں
حیثیت اس کی یہاں ہے خس و خاشاک کے بعد

एक तजल्ली है निहां बाद-ए-मकाम-ए-सिदरा
कौन सी है वह जगह परदा-ए-अफ़लाक के बाद

खिरद-व-वहशत-ए-दिल में भी कोई परदा है
यह जुनूं और भी बढ़ जाता है इदराक के बाद

लो हुई जाती हैं अब सारी दुआऐं मकबूल
फ़ौकियत उन को मिली दीदा-ए-नमनाक के बाद

किस में यारा है भला सारे सितम सहने का
हुस्न की तेज नजर जुल्फ के पेचाक के बाद

जिस के दिल में तेरी यादों का बसेरा ही नहीं
हैसियत उस की कहां है खस-व-खा शाक के बाद

---

१) तजल्ली = जलवा
२) सिदरा = बेरी का वह पेढ जिस के आगे बढने की जिबरील को भी इजाजत नहीं .
३) अफलाक = आस्मान
४) इदराक = अक्ल

ہماری آنکھ میں اُن کے حسین خواب آئے
وہ جب بھی آئے نظر ہم کو بے نقاب آئے

اسی کے عشق کی آتش میں دل جلا اپنا
اور اس پہ اس کا یہ کہنا "مجھے حجاب آئے"

سکونِ قلب کہاں عشق میں ہوا حاصل
سکون جاتا رہا اور اضطراب آئے

نہ کوئی عزم نہ خواہش نہ کوئی حسرتِ یار
ترے وجود میں پھر کیسے انقلاب آئے

خودی کا ہو گیا خود حسن آج گرویدہ
سوالِ عشق ہوا اور کئی جواب آئے

یہاں کسی نے خدائی کا جب کیا دعویٰ
زمیں پہ قہر خدائی کے تب عذاب آئے

طوافِ یار تمہیں نے نہیں کیا عثمانؔ
طوافِ یار کی خاطر صد آفتاب آئے

हमारी आँख में उन के हसीन ख़्वाब आए
वह जब भी आए नज़र हम को बे निकाब आए

उसी के इश्क की आतिश में दिल जला अपना
और उस पे उस का यह कहना मुझे हिजाब आए

सुकून-ए-क़ल्ब कहां इश्क में हुआ हासिल
सुकून जाता रहा और इजतेराब आए

न कोई अज़्म न ख्वाहिश न कोई हसरत-ए-यार
तेरे वुजूद में फिर कैसे इन्क़ेलाब आए

खुदी का हो गया खुद हुस्न आज गरवीदा
सवाल-ए-इश्क हुआ और कई जवाब आए

यहाँ किसी ने खुदाई का जब किया दावा
जमीं पे कह्र-ए-खुदाई के तब अजाब आए

तवाफ-ए-यार तुम्हीं ने नहीं किया उस्मान
तवाफ-ए-यार की खातिर सद आफताब आए

---

१) इज़तेराब = बेचैनी
२) खुदी = गुरूर
३) गरवीदा = आशिक
४) सद आफताब = सैंकडो सूरज

آتشِ فرقت میں دل جلتا ہے کیوں پروانہ وار
شمع کی مانند وصفِ خاص ہے جانانہ وار

اب سراپا حُسن کا کوئی بیاں کیسے کرے
لب حسیں ہیں سُرمگیں آنکھیں بھی ہیں پیمانہ وار

دیکھئے تابع خرد کی ہو گئی ہر ایک شے
اب جنوں لگتا ہے یارو خود ہی اک افسانہ وار

رند خود ہی مے سے بیگانے ہوئے جاتے ہیں کیوں
اب تو ساقی خود لگے ہے دیکھئے میخانہ وار

کیا شعورِ ذات کا عرفاں نہیں ہوتا اُسے
دشت و صحرا میں بھٹکتا ہے وہ کیوں دیوانہ وار

مانگ کر تو دیکھ تو اے کافرِ ایماں شکن
دل ہی کیا یہ زندگی بھی پیش ہے نذرانہ وار

आतिश–ए–फुरकत में दिल जलता है क्यों परवाना वार
शमअ की मानिन्द वस्फ–ए–खास है जानाना वार

अब सरापा हुस्न का कोई बयां कैसे करे
लब हसीं है सुरमगीं आँखें भी हैं पैमाना वार

देखिए ताबेअ खिरद की हो गई हर एक शै
अब जुनूं लगता है यारो खुद ही एक अफसाना वार

रिन्द खुद ही मै से बेगाने हुए जाते हैं क्यों
अब तो साकी खुद लगे है देखिए मैखाना वार

क्या शऊर–ए–ज़ात का इरफां नहीं होता उसे
दश्त–व–सहरा में भटकता है वह क्यों दीवाना वार

मांग कर तो देख तू ऐ काफिर–ए–ईमां शिकन
दिल ही क्या यह ज़िन्दगी भी पेश है नज़राना वार

---

१) आतिश–ए–फुरकत = जुदाई की आग
२) रिन्द = शराबी
३) साकी = शराब पिलाने वाला
४) इरफां = पहेचान

عاشقوں کی بزم ہو اور حلقۂ رنداں بھی ہو
معرفت کا جام ہو اور بادۂ ایماں بھی ہو

گرچہ اندازِ بیاں تو خوب ہے واعظ کے پاس
ہاں مگر رختِ سفر میں باعمل ساماں بھی ہو

اِس دلِ بے تاب پر کچھ تو کرم فرمائیے
جستجوئے یار ہو اور درد کا درماں بھی ہو

حُسن کا پروانہ بننے کے لئے یہ شرط ہے
آتشِ فرقت میں جلنے کا ترا ارماں بھی ہو

سرزمینِ دل کا والی بھی تو کوئی ہو یہاں
دل اگر ہے سلطنت تو دل کا اک سُلطاں بھی ہو

ہر مقامِ زیست پر عقل و خرد اچھی نہیں
ہوش مندوں کے لئے عثماںؔ دلِ ناداں بھی ہو

आशिकों की बज़्म हो और हलका-ए-रिन्दां भी हो
मारेफत का जाम हो और बादा-ए-ईमां भी हो

गरचे अंदाज़-ए-बयां तो खूब है वाइज़ के पास
हां मगर रख्त-ए-सफ़र में बा अमल सामां भी हो

इस दिल-ए-बेताब पर कुछ तो करम फरमाइए
जुस्तजू-ए-यार हो और दर्द का दरमां भी हो

हुस्न का परवाना बनने के लिए यह शर्त है
आतिश-ए-फुरकत में जलने का तेरा अरमां भी हो

सरज़मीन-ए-दिल का वाली भी तो कोई हो यहां
दिल अगर है सलतनत तो दिल का एक सुलतां भी हो

हर मकाम-ए-जीस्त पर अक्ल-व-खिरद अच्छी नहीं
होश मन्दों के लिए उस्मां दिल-ए-नादां भी हो

---

१) हलका-ए-रिन्दां = शराबियों का हलका
२) मारेफत = खुदा की पहेचान
३) बादा-ए-ईमां = ईमान की शराब
५) आतिश-ए-फुरकत = जुदाई की आग

ہر متاعِ اپنی پسِ افلاک میں گُم ہو گئی
جو خرد تھی کشف کے ادراک میں گُم ہو گئی

جب سے تکیہ کر لیا ہے انجمِ سیّار پر
یوں سمجھ تقدیر بھی اس خاک میں گُم ہو گئی

کیا کسی کی قدر پیمائی یہاں ممکن بھلا
عظمتِ انساں تو اب پوشاک میں گُم ہو گئی

تیری آہٹ سے یہاں لرزاں ہے تاج و تخت بھی
کیا تری ہستی کسی پیچاک میں گُم ہو گئی

اس سے بڑھ کر اور کیا عثماںؔ ہو گا مرتبہ
زیست اپنی دیدۂ نمناک میں گُم ہو گئی

हर मताअ अपनी पस-ए-अफ़लाक में गुम हो गई
जो ख़िरद थी कश्फ के इदराक में गुम हो गई

जब से तकिया कर लिया है अंजुम-ए-सय्यार पर
यूं समझ तकदीर भी इस ख़ाक में गुम हो गई

क्या किसी की कद्र पैमाई भला मुमकिन यहां
अज़्मत-ए-इन्सां तो अब पोशाक में गुम हो गई

तेरी आहट से यहां लरज़ां हैं ताज-व-तख्त भी
क्या तेरी हस्ती किसी पेचाक में गुम हो गई

इस से बढ कर और क्या उस्मान होगा मरतबा
ज़ीस्त अपनी दीदा-ए-नमनाक में गुम हो गई

---

१) मताअ = पूंजी
२) पस-ए-अफलाक = आस्मानों के पीछे
३) कश्फ = जाहिर करना ४) इदराक = समझ
५) तकिया = भरोसा ६) अंजुम-ए-सय्यार = चलते हुए तारे
७) पेचाक = एक बेल जो पौदों पर चढ जाती है
८) दीदा-ए-नमनाक = भीगी आँखें

زعمِ ایماں کس لئے ہے تو ذرا کر دے بیاں
کیا مزیّن ہے ترے طرزِ عمل سے اک جہاں

ہوش کی اس رہگزر میں منزلیں دشوار ہیں
بے خودی ہی منزلِ مقصود کا پائے نشاں

زندگی تو مختصر ہے اور قیامت عنقریب
یہ حقیقت بھی ہیں پر ہو گئی پہلے عیاں

بے عمل زندہ کہاں اہلِ عمل کے سامنے
موت تو ارزاں بہت ہے زندگانی ہے گراں

قادرِ مطلق کے معنی جاننے سے پیشتر
کیا تمہیں معلوم ہے وہ کُن کا اک رازِ نہاں

خود میں پہلے ڈوب جا پھر زندگی کی سیر کر
تب کہیں اوصافِ باطن کا بھی ہو جلوہ عیاں

जोम-ए-ईमां किस लिए है तू जरा कर दे बयां
क्या मुज़य्यन है तेरे तर्ज़-ए-अमल से एक जहां

होश की इस रहगुज़र में मंज़िलें दुशवार हैं
बेखुदी ही मंज़िल-ए-मकसूद का पाए निशां

जिन्दगी तो मुख़तसर है और कियामत अनक़रीब
यह हक़ीक़त भी हमीं पर होगई पहले अयां

बे अमल ज़िन्दा कहाँ अहल-ए-अमल के सामने
मौत तो अरज़ां बहुत है ज़िन्दगानी है गिरां

क़ादिर-ए-मुतलक के मअनी जानने से पेशतर
क्या तुम्हें मालूम है वह कुन का एक राज़-ए-निहां

खुद में पहले डूब जा फिर ज़िन्दगी की सैर कर
तब कहीं औसाफ़-ए-बातिन का भी हो जलवा अयां

---

१) जोम-ए-ईमां = ईमान का गुरूर २) मुजय्यन = सजा हुआ
३) अनकरीब = बहुत नजदीक ४) अयां = जाहिर
५) अरजां = ससती ६) गिरां = महंगी
७) कादिर-ए-मुतलक = पूरी ताकत वाला, खुदा .
८) कुन = होजा ९) औसाफ-ए-बातिन = अंदरूनी खूबियां

ایک پرتو حُسن کا اب آشکارا ہو گیا
عشق باقی ہے نظارہ پارہ پارہ ہو گیا

دیکھ کر حیراں ہوئے دُنیا کے سارے ہوشمند
عقل سے جو نہ ہوا اُلفت میں سارا ہو گیا

عشق کو تاریک راتوں سے بچانے کے لئے
خندہ زن دیوانگی کا اک ستارا ہو گیا

ہو گیا جو بھی گُریزاں عام راہوں سے یہاں
بن گیا کوئی سکندر کوئی دارا ہو گیا

باندھ کر سر سے کفن کیوں اٹھ کھڑا ہے اب عشق
کیا فلک کی سمت سے کوئی اشارہ ہو گیا

راز ظاہر کر دیئے عثماںؔ شہادت نے سبھی
عشق میں جب سر دیا زندہ دوبارہ ہو گیا

एक परतव हुस्न का अब आशकारा हो गया
इश्क बाकी है नज़ारा पारा पारा हो गया

देख कर हैरां हुए दुनिया के सारे होशमंद
अक्ल से जो न हुआ उलफत में सारा हो गया

इश्क को तारीक रातों से बचाने के लिए
खन्दा ज़न दीवानगी का एक सितारा हो गया

हो गया जो भी गुरेज़ां आम राहों से यहां
बन गया कोई सिकंदर कोई दारा हो गया

बांध कर सर से कफ़न क्यों उठ खड़ा है इश्क अब
क्या फ़लक की सम्त से कोई इशारा हो गया

राज़ ज़ाहिर कर दिये उस्मां शहादत ने सभी
इश्क में जब सर दिया ज़िन्दा दोबारा हो गया

---

१) परतव = अक्स
२) आशकारा = जाहिर

ایک شعلہ ہے آہ وزاری میں
نغمۂ سوز بیقراری میں

اس قلندر کا حال کیا کہنا
شان و شوکت ہے وضعداری میں

کس میں آتش سوا ہے بتلاؤ
چشمِ نم میں کہ شعلہ باری میں

چشمِ خوباں یہ مست اور مجذوب
بات کرتے ہیں رازداری میں

کوئی عُشّاق سے ذرا پوچھے
کیف کتنا ہے دلفگاری میں

قیس و فرہاد کاملِ ایماں
عُمر گزری ہے پاسداری میں

دیکھ عثمانؔ کتنی طاقت ہے
آہ کی ایک ضربِ کاری میں

एक शोला है आह-व-ज़ारी में
नग़मा-ए-सोज़ बेक़रारी में

इस क़लंदर का हाल क्या कहना
शान-व-शौकत है वज़अदारी में

किस में आतिश सिवा है बतलाओ
चश्म-ए-नम में कि शोला बारी में

चश्म-ए-खूबां यह मस्त और मजज़ूब
बात करते हैं राज़दारी में

कोई उश्शाक से ज़रा पूछे
कैफ कितना है दिल फ़ेगारी में

कैस-व-फ़रहाद कामिल-ए-ईमां
उम्र गुज़री है पासदारी में

देख उस्मान कितनी ताकत है
आह की एक ज़र्ब-ए-कारी में

---

१) वज्अदारी = रख रखाव
२) सिवा = ज्यादा
३) दिलफेगारी = दिल का जखमी होना

ظاہر ہوئے ہمیں سدا نام و نمود میں
قلبِ رقیق میں کبھی چشمِ حسود میں

پروانہ جان دے کے تو مشہور ہے بہت
آہ و فغاں چھُپی نہ ہو اس شمعِ دُود میں

یہ مُملکت یہ قصر یہ گنجینہ ، تاج و تخت
اک طرز کا زیاں یہاں پوشیدہ سُود میں

اس رمز حُسن و عشق کی ہے داستاں عجب
پوشیدہ روح میں کبھی ظاہر وجُود میں

جاں سے گزُرنے والوں کو رمزِ لقا ملی
دُنیا اُلجھ کے رہ گئی اس نیست و بُود میں

امن و اماں کے داعی بھی پیدا ہوئے کہیں
قومِ یہوُد میں کبھی قومِ ثموُد میں

عثمانؔ کیا غرض ہے چھُپائے جو اپنا راز
کب تک رہے گا تو بھلا عمرِ قیوُد میں

ज़ाहिर हुए हमीं सदा नाम-व-नुमूद में
क़ल्ब-ए-रफीक में कभी चश्म-ए-हुसूद में

परवाना जान दे के तो मशहूर है बहुत
आह-व-फुगां छुपी न हो इस शम्अ-ए-दूद में

यह मुमलेकत यह कस्त्र यह गंजीना ताज-व-तख्त
एक तर्ज़ का ज़ियां यहाँ पोशीदा सूद में

इस रम्ज़-ए-हुस्न-व-इश्क की है दास्तां अजब
पोशीदा रूह में कभी ज़ाहिर वुजूद में

जां से गुज़रने वालों को रम्ज़-ए-बका मिली
दुनिया उलझ के रह गई इस नीस्त-व-बूद में

अम्न-व-अमां के दाओ भी पैदा हुए कहीं ?
कौम-ए-यहूद में कभी कौम-ए-समूद में

उस्मान क्या गरज़ है छुपाए जो अपना राज़
कब तक रहेगा तू भला उम्र-ए-कुयूद में

---

१) हुसूद = जलने वाला
२) दूद = धुंवा
३) कस्त्र = महल
४) गंजीना = खजाना
५) जियां = नुकसान
६) सूद = फायदा
७) नीस्त-व-बूद = होना न होना

حوصلہ ہی بن گیا جب اپنا اقدام سفر
ایک دن منزل نظر کے سامنے آجائے گی

ہے دُرافشاں یہ ہماری زندگی تیرے لیے
تجھ کو پاتے ہی محبّت کی گھٹا چھا جائے گی

جاتے جاتے عشق سارے امتحاں دے جائے گا
آتے آتے ایک دن اُن کو سمجھ آجائے گی

پانی ممکن ہی نہیں ہے اب اقارب کی رضا
لاکھ کوشش کیجیے یہ بے رُخی کیا جائے گی

بعد کوشش کے خدا سے تو جو چاہے گا مدد
ایک دن تیری دُعا اپنا اثر پا جائے گی

हौसला ही बन गया जब अपना इकदाम-ए-सफ़र
एक दिन मंज़िल नज़र के सामने आजाएगी

है दुर अफशां यह हमारी ज़िन्दगी तेरे लिए
तुझ को पाते है महब्बत की घटा छाजाएगी

जाते जाते इश्क सारे इम्तेहाँ दे जाएगा
आते आते एक दिन उन को समझ आजाएगी

पाना मुमकिन हि नही है अब अकारिब की रिज़ा
लाख कोशिश कीजिये यह बेरूखी़ क्या जाएगी

बाद कोशिश के खुदा से तू जो चाहे गा मदद
एक दिन तेरी दुआ अपना असर पाजाएगी

---

१) दुर अफशां = मोती बिखेरने वाली

२) अकारिब = रिश्तेदार

ए ताएर-ए-बा अज़्म फलक पर न कनाअत
जारी रहे परवाज़ तेरी जानिब-ए-तूबा

बडे प्यारे अंदाज़ में उन्होंने इस का इज्हार किया है........

बाज़ी–ए–इश्क में दिल हार गया है उस्मान
हार कर जीत कहाँ उस को गवारा जानां

खुद फ़रामोशी और मर मिटने का यह सलीका उस्मान जौहरी ने शम्अ और परवाने का मुशाहदा करके सीखा है . देखिये परवाने का परवान चढ़ना उन्हो ने किस खूबसूरती से नज़्म किया है .

सुर्खरू शम्अ की उलफत में हुआ है उस्मान
मिट के परवान चढा देखिये परवाना है

अलग़रज़ उस्मान जौहरी के अशआर न सिर्फ तसव्वुफ के रंग में रंगे हुए हैं बल्कि जा ब जा वह ज़िन्दगी का ढंग और ज़िन्दा रहने का सलीक़ा भी सिखाते हैं ......

तू खुद को समझ पहले फिर देख जहाँ क्या है
दुनिया को बुरा कहना उस्मान है नादानी
तू हसद करना न औरों की तरक्की देख कर
वरना खुशहाली तेरी रंज–व–मेहन बन जाएगी
सर ज़मीन–ए–दिल का वाली भी तो कोई हो यहां
दिल अगर है सलतनत तो दिल का एक सुलतां भी हो

'रूबरू' तसव्वुफ़ में डूबा हुआ वह कलाम–ए–बलाग़त निज़ाम है जो कारी पर एक वजदानी कैफ़ियत तारी कर देता है . उम्मीद है कि " तू ही तू " की तरह इसे भी हाथों हाथ लिया जाएगा .

अल्लाह तबारक व तआला इस किताब को बे पनाह मकबूलियत और उस्मान जौहरी साहेब को दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की अता फरमावें (आमीन)

बन्दा नईम इब्ने अलीम
६ एप्रिल २००९

उस्मान जौहरी साहब ने अपने एक शेर में यह भी वाज़ेह कर दिया है कि इस क़ाफ़ले की मंज़िल क्या है .

ऐ ताएर–ए–बा अज्म फ़लक पर न क़नाअत
जारी रहे परवाज़ तेरी जानिब–ए–तूबा

इश्क –ए–हक़ीक़ी की जिस चाशनी से सरशार होकर मिर्ज़ा गालिब ने इरशाद फरमाया है की ....

यह मसाइल–ए–तसव्वुफ़ यह तेरा बयान ग़ालिब
तुझे हम वली समझते जो न बादा ख्वार होता

उसी इश्क की खुश्बू में उस्मान जौहरी साहब की ज़िन्दगी भी मुअत्तर है . शराब–ए–इश्क के नशे में मख़मूर होकर वह निहायत आजिज़ी के साथ बारगाह–ए–खुदावन्दी में दुआगो हैं ...... इश्क बनकर महक सोज–ए–दिल में दहक

वज्द की रम्ज में तू ही तू मेरे आ

उन के दर्द–व–गम में और उन की तडप में किस कदर लज्ज़त आफ़रीनी है वह उसे भी बयान कर देना ज़रूरी समझते हैं ....

मताअ–ए–कारवान–ए–इश्क क्या है ⁂ सलामत है ग़म–ए–उलफ़त सफ़र में
कोई उश्शाक से ज़रा पूछे ⁂ कैफ़ कितना है दिल फ़िगारी में

फ़कीराना शान रखने वाला यह अलबेला शाएर अपने अशआर के ज़रिए मअरेफ़त के असरार भी खोलने का ख्वाहिशमंद है . इस सिलसिले में वह बडी सच्ची बात कह रहा है ....

तख्त और ताज समझ सकते हैं क्या इश्क के भेद
राज़ इरफान के खोले हैं किसी साइल ने

इश्क–ए–खुदावन्दी में अपना सब कुछ निछावर कर देने पर उस्मान जौहरी साहब को जो फख्र हासिल है वह उस की गहराई से हरगिज़ निकलना नहीं चाहते . अपनी उस दुनिया में वह मगन भी हैं और मुतमइन भी .

पेश लफ्ज़

अज्म मजधार में पतवार बना जब उस्मान
बढ के खुद मेरे क़दम चूम लिए मंजिल ने

उस्मान जौहरी उस मर्द–ए–मुजाहिद का नाम है जो हिम्मत –व इस्तेक़लाल ,जुर्अत–व–जवां मर्दी और ऊलुल अ़जमी जैसी बहुत सी सिफ़ात और औसाफ़ का मुरक्का है ." तू ही तू " की बे पनाह मकबूलियत के बाद उनका दूसरा मजमूआ–ए–कलाम 'रूबरू' ज़ेवर–ए–तबाअत से आरास्ता होकर निहायत ही शान–व–शौकत के साथ आप के हाथो तक पहुंचा है .

एक सूफी मनुष का कलाम सूफियाना ही हो सकता है . लिहाज़ा " तू ही तू " की तरह 'रूबरू' भी सूफियाना कलाम ही है . उस्मान जौहरी उम्र–ए–अजीज़ की पाँचवीं दहाई मुकम्मल कर रहे हैं . कानपूर ज़िले में डबरापूर तालुके का एक छोटा सा गांव डांडीवरी है जहाँ यह बडी शखसियत पैदा हुई . मौलवी अहमद उमर अमरोदवी के ज़ेर–ए–साया ज़ेवर–ए–तालीम से मुज़य्यन होने वाला यह मर्द–ए–मुजाहिद १९८२ से जलगांव में मुक़ीम है . क़ीमती पत्थरों का यह सौदागर संगदिली से कोसों दूर है . उस्मान जौहरी से करीब रहने वाले और उन के शनासा ब खूबी जानते हैं कि उन के सीने में जो दिल धड़क रहा है वह मोम से ज़ियादा नर्म और आईने से ज़ियादा साफ सुथरा है. शाएरी के मैदान में उस्मान जौहरी ने डॉ.शफीक नाज़िम के आगे ज़ानू–ए–अदब तह कर रखें है . और मजरूह मेमोरियल सोसायटी के कदम से कदम मिलाकर बढ़ते चले जा रहे हैं . जिन्दगी की इन हसीन राहों पर रवां दवां इस अज़ीम क़ाफ़ले का मक़सद भी कितना अज़ीम है मुलहज़ा कीजिये ....

जुस्तजू–ए–यार ही है ज़िन्दगी चलते चलो
बस यही एक रास्ता है रास्ता अनवार का

मैं शुक्रगुजार हूँ

रुबरु की इशाअत में हज़रते शौक जलगांवी का मैं बेहद ममनून हूँ जिन के ईमा पर मैं ने रुबरु के लिए हिम्मत बाँधी साथ ही मैं ममनून हूँ उस्तादे मोहतरम डॉ. शफ़ीक़ नाज़िम साहब का, मेरे अजीज दोस्त अब्दुर्रशीद पिंजारी का और मजरुह सोसायटी के जुमला अराकिन का जिन्हों ने क़दम क़दम पर हौसला अफज़ाई की।

उस्मान जौहरी

पुर ख़ुलूस तशक्कुर

* अस्र-ए-हाज़िर के अज़ीमुल मरतबत शाएर
आली जनाब डॉ.मुज़फ्फर हनफी साहेब
* फख्र-ए-पाकिस्तान , मायानाज़ शाएरा
मोहतरमा डॉ. शाहीन मुफ़्ती साहेबा (गुजरात पाकिस्तान)
* नाज़िश-ए-हिन्द शाएरा
मोहतरमा ख़दीजा ख़ानम साहेबा (जगदलपूर छत्तीसगढ़)
और
मेरे रूहानी पेशवा,फख्र-ए-हिन्द , शाएर-ए-बाकमाल
मोहतरम नईम इब्न-ए-अलीम साहेब (धुलिया)
की ख़िदमत-ए-आलिया में
जिन्हों ने मेरे इस शेअरी मजमूए पर अपने कीमती
तास्सुरात रकम किये हैं .

उस्मान जौहरी

वालिदा मोहतरमा

जैतून बी शेख़ वफ़ात क़ादरी चिश्ती सुलतानी

के नाम

जिन से मुझे

* दीनी इल्म
* फ़कीराना तब्अ
* दिल–ए–दर्द मंद

और ख़ाकसारी जैसे गौहर मिले .

जुमला हुक़ूक़ महफ़ूज़

ज़ेर-ए- एहतेमाम
मजरूह मेमोरियल सोसायटी जलगांव

किताब का नाम = रूबरू
शाएर का नाम = शेख उस्मान शेख वफ़ात क़ादरी चिशती सुलतानी
कल्मी नाम = उस्मान जौहरी
तिलमीज़ = डॉ. शफीक नाज़िम
सन-ए-इशाअत = २००९ इ.
तअदाद = एक हज़ार , (१०००)
सरवरक = नूरानी ऑफ़सेट प्रेस मालेगांव
हिंदी किताबत = मदनी कॉमप्यूटर्स धुलिया.
मतबअ = नूरानी ऑफसेट प्रेस मालेगांव
निगरां व सरपरस्त = नईम इब्न-ए-अलीम
कीमत = दो सौ रूपये - २००/-

* मिलने के पते *

* नशेमन कॉलोनी, गज़ल मंज़िल मेहरून ,जलगांव- ४२५१३५
* आशियाना हॅप्पी होम कॉलोनी,ऑटो नगर,
नॅशनल हायवे जलगांव-४२५००१
* राबेता : 09371114170 , 09422561334

172
मजरूह मेमोरियल सोसायटी जलगांव की
दूसरी पेशकश
रूबरू
उस्मान जौहरी
तेरे दीदार की हसरत है दिल में
इशारा हो तो गुज़रूँ अपनी जाँ से

"रुबरु" उस्मान जौहरी का दूसरा मजमूआ-ए-कलाम है जिस में "तू हीं तू" से ज्यादा रमजियत व इकफा का एहतमाम किया गया है।

शाएर की खाकसारीं व जाँसिपारी मआमलाते तसव्वुफ के मजीद असरार खोलती है।

तेरे दीदार की हसरत है दिल में इशारा होतो गुजरुँ अपनी जाँ से

मौजूआती एतेबार से उस्मान जिस रुहानी फरेम वर्क में काम कररहे हैं उसकी हिकमत खुदा के नाकाबिले तअजीर कवानीन में मुजमिर है।

उन का मरकजी निजामे एहसास जमाँ व मकाँ में पोशीदा मअनुवी जेहत के तअय्युन में मसरुफ है। हर अच्छा शाएर हमें मसर्रत के इलावा इदराक भी अता करता है। उस्मान का कहेना है कि अशीया को देखने के मुख्तलिफ तरीक-ए-कार के बावजूद हमें इन्हें एक ही हक़ीक़त के अजजा के तौर पर कबूल करना चाहिए।

एक बहरे बेकराँ मेरी कश्ती के रुबरु साहिल मगर छुपा तेरे नकशे कदम में है

जिन्दगी के बारे में किसी नुकते या नजरिये के बगैर शाएरी मुमकिन नहीं फलसफीयाना नजरिया साजी के लिए नजरिये से वाबस्तगी के क्या मआनी है यह नुकता आप उस्मान जौहरी की शाएरी से अखज कर सकते हैं।

डॉ. शाहीन मुफ्ती

गुजरात (पाकिस्तान)

उस्मान जौहरी साहब का दूसरा शेअरी मजमूआ "रुबरु" हमें रुमानी और रुहानी दोनों जगह के खूबसूरत एहसास से रुबरु करवाता है।

आखिर यह जद्दोजोहद किस लिए

पेशे नजर जुनूँ के खिरद का कमाल क्या
फानी है हर वजूद तो फिकरे मआल क्या

इसी तरह गजल की रिवायत को तसव्वुफ की खुश्बू अता करते हुए वोह कहते हैं

कोई पैकर हसीं लफजों में ढल कर
चला आया मेरे तरजे बयाँ तक

ऐसे में अगर इस के बारे में यह कहा जाए तो बेजा ना होगा।

उस्मान सजदा रेज हुआ है कहीं जरुर
यूँ ही नही वह अरश का चर्चा बना हुआ

उलफत को इबादत के मुकाबिल कर के लुत्फ अंदोज होने का फन अयाँ है रुबरु में।

खदीजा खानम

जगदलपूर (छत्तीस गढ)

"عثمان جوہری صاحب کا مقام و مرتبہ کوئی اہالیانِ جلگاؤں سے پوچھے
جنھیں میں نے موصوف سے متعلق ایک ادبی تقریب میں جوق در جوق والہانہ
انداز میں انھیں تہنیت دیتے اور دست بوسی کرتے دیکھا ہے۔ جوہری صاحب
کے ادبی جواہر پاروں پر مشتمل مجموعۂ کلام 'تو ہی تو' کی رسمِ اجراء میرے ہاتھوں
نے ادا کی تھی، اسے زیادہ وقت نہیں گزرا کہ اُن کے دوسرے شعری
مجموعے 'روبرو' کی اشاعت کی گونج سنائی دے رہی ہے۔ ان جیسے
خود فراموش اور جذب کی کیفیت میں غرقاب لوگوں کے اشعار میں فنی حسن
و قبح اور عروضی موشگافیوں کی تلاش کے بجائے کیفیت، گم گشتگی، ربودگی اور
عرفان و طریقت کی جلوہ گری سے محظوظ ہونا چاہیے۔ خدا رسیدوں کے یہاں
زبان و بیان کے معائب و محاسن سے زیادہ عقیدت، جذبے اور پہلوداری
سے لطف اندوزی کے دریچے وا ہوتے ہیں۔ مجھے یقین ہے 'تو ہی تو'
کی مانند بلکہ اس سے بھی بڑھ کر 'روبرو' کو عقیدت اور احترام سے پڑھا
جائے گا۔"

مظفر حنفی
۸ر جنوری ۲۰۰۹ء

نورانی آفسیٹ پریس، اسلامپورہ مالیگاؤں 9372436080